एमडीपी में आईओसीएल कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

आईआईएम रांची में प्रशिक्षण कार्यक्रम

रांची। भारतीय प्रबंधन संस्थान , रांची की ओर से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के लिए कार्यस्थल पर व्यावसायिक शिष्टाचार और नैतिकता, विषय पर प्रबंधन विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव, प्रो रोजर्स पी जोसेफ और आईओसीएल के कार्यकारी निदेशक व राज्य प्रमुख संजीव चौधरी मौजूद थे।

कार्यक्रम लक्ष्य आईओसीएल के 25 अधिकारियों को कार्यस्थल पर पेशेवर शिष्टाचार और नैतिकता के बारे में आवश्यक उपकरणों और रणनीतियों से लैस करना था। आईआईएम के विशेषज्ञ संकाय सदस्यों ने प्रतिभागियों को अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने और आईओसीएल की निरंतर सफलता में प्रभावी ढंग से योगदान करने की व्यापक समझ प्रदान की।

Hindustan_22.01.2024_Pg. 10